

## एक नजर में

### नित्य चिंता हरण गणपति को छप्पन भोग लगाया



**रतलाम।** श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पेलेस रोड पर बुधवार को मंदिर समिति की और से दोपहर 12 बजे भगवान श्री गणपति जी महाराज को छप्पन भोग लगाया जाकर महाआरती एवं महाप्रसादी (अन्नकूट) का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल ने देते हुए बताया कि अन्नकूट महाप्रसादी आरती के पश्चात दोपहर 12 :30 पर चालु किया गया जो शाम की 5 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने उपस्थित होकर प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता श्री अशोक यादव, जनक नागल, सचिन सिंह देवड़ा, अमित सिंह देवड़ा, पं अमित रावल, मुकेश व्यास, श्रीमती रत्ना पाल, अशोक मेहता, भुवनेश सिंह राठौड़, संजय पेमाल, शेलेन्द्र सिंह शक्तावत, विनोद गुर्जर, अंकुर देवड़ा, जितेन्द्र बामनिया, राजवीर सिंह, मनीष सोलंकी, कालु सोलंकी, हितेश नागल आदि ने विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया गया। उक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष जनक नागल ने दी।

### राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने हेतु एकता दौड़ 31 को

**रतलाम।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव 31 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर 31 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे एकता दौड का आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक युवा, खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेटस, सृजन समूह की बालिकाए, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी भाग लेगे। दौड़ का रूट लगभग 3 किमी रखा जाएगा तथा रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। रूट नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। पीने के पानी, ग्लूकॉज, फर्स्ट एड बॉक्स और यदि उपलब्ध हो तो एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जाएगी। फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत फोटो एवं वीडियो जिला पुलिस अधीक्षक के स्तर से थाना के नाम के साथ पोर्टल सोशल मीडिया हेस्टेग एवं पर अपलोड किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उप पुलिस महानिरीक्षक/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, पुलिस महानिदेशक विनीत कपूर रहेगे। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि जन समुदाय की भागीदारी का अवसर है।

### गौरक्षा प्रकृति संरक्षण आमजनों में जागृति लाएगें

**रतलाम।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला गोपाष्टमी पर्व भगवान श्री कृष्ण के पहली बार गोवंश को चराने की प्रथा के रुप में वाघेला गौसेवा जीवदया समिति प्रमुख दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया के प्रयासों से मनाया गया। मुख्य अतिथि स्वरूप श्रृंगेरी मठ के दंडी स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती महाराज, जिला सर्किल जेल अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया का पुष्पमाला से सम्मान करते हुए गौसेवकों ने गौरक्षा प्रकृति संरक्षण संवर्धन के लिए संकल्पित होकर आमजनों में जागृति लाने में सहयोगी बनेगें। भगवान कृष्ण द्वारा इंद्र के प्रकृति प्रकोप से नगरवासियों गोवंश की रक्षा करने गोवर्धन पर्वत उठाने की घटना को याद दिलाता हैं। वाघेला गौसेवा जीव दया समिति के गौसेवकों द्वारा मांगल्य मंदिर स्थित श्री कृष्ण कामधेनु गौशाला पर गायों के सींगों पर रंग, हल्दी, मेहंदी के छापे लगाकर फूलों की माला, वस्त्र आदि अर्पण के साथ आरती पश्चात सामूहिक तौर पर परिक्रमा कर कुछ दूर तक उनके साथ चल पुण्य लाभ लिया। ग्वालों सेवादारो का सम्मान कर अपने हाथों से गायों को क्विंटल की मात्रा में गुड़ की लापसी, खल कपासिया, ताजे फलों हरी सब्जियां, मिष्ठान, हरा चारा खिलाया। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, वरिष्ठ योगगुरु रामबाबू यादव, पतंजलि विशाल वर्मा, महावीर सिंह शक्तावत, श्याम सुंदर उपाध्याय, कैलाश सोमानी, महेश शर्मा, राजकुमार पंजाबी, चिराग सांखला, प्रमोद पाठक, सिद्धेश्वर पंचोली, महिला मंडल में श्रीमती श्यामा वाघेला, श्रीमती शकुन्तला सिसोदिया, विमलेश वर्मा, सोनू राठौड़, सुमित्रा मौर्य, कमला चौहान, ज्योति शर्मा, सीमा सांखला, चंद्रकान्ता राठौर, अनिता दुबे, प्रभादेवी पाठक, ममता पंचोली, रेखा शर्मा, आदि गौसेवकों ने सेवा कार्य में योगदान दिया। उक्त जानकारी दिनेश वाघेला ने दी।

### विधानसभा के 3 स्थानों पर पुलिया निर्माण को स्वीकृति

**जावरा।** विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रयास निरन्तर सफल हो रहे है। जावरा विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर लगभग 56 लाख रु की लागत से पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिससे क्षेत्र में हर्ष है। विधायक डॉ पांडेय ने जावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में पुलिया निर्माण कार्यो के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को विशेष निधि में प्रस्ताव दिए। इन कार्यो के लिए विधायक डॉ पांडेय निरंतर प्रयास करते रहे। पुलिया निर्माण नही होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन लंबे समय से अवरुद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम पंचायत मुंडलाराम के ग्राम रसुलपुर मुण्डली में शान्तिधाम के पास पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत पिंगराला में कालूखेडा मार्ग पर पिंगला नदी पर पुलिया निर्माण और ग्राम पंचायत बोरखेडा में कंचनखेडी मार्ग पर पुलिया निर्माण कराए जाने की स्वीकृति जारी की है। लगभग 56 लाख रु की लागत से पुलियाओं की स्वीकृति जारी होने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने इस सौगात पर मुख्यमंत्री सहित मंत्री और विधायक डॉ. पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया।



# रतलाम के 4 पुलिसकर्मी भोपाल में सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के 4 पुलिसकर्मियों को भोपाल में अपराध रोकथाम और बेहतर सेवाओं के लिए डीजी डिस्क पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में मई 2024 माह के चयनित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना द्वारा मंगलवार को प्रशस्ति पत्र एवं डीजी (डीजीसीआर) डिस्क प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में रतलाम पुलिस के कर्मचारियों को भी डीजी डिस्क से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के कुल चार पुलिसकर्मियों को वर्ष 2024 के लिए डीजी डिस्क सम्मान हेतु चयनित किया गया था, जिन्हें मंगलवार को इस सम्मान से नवाजा गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और सभी कर्मचारियों से कहा अपने कार्य में इसी प्रकार उत्कृष्टता बनाए रखे।

### इसलिए मिलता है यह सम्मान

डीजीपी डिस्क से सम्मानित का मतलब है कि पुलिस या अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, जैसे कि कठिन मामलों की जांच, अपराध रोकना, या आपदा राहत में योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। यह सम्मान अक्सर डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र के रूप में दिया जाता है और पुलिस बल में सर्वोच्च सम्मानों में से एक माना जाता है।

**इन्हें किया सम्मानित**

- का.प्र.आर.924 ओम प्रकाश सिंह जाट - थाना दीनदयाल नगर
- का. प्र.आर. 201 गजेन्द्र सिंह पंवार - स्टेनो शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम
- का. प्र.आर. 21 लोमेश शर्मा - सी.सी.टी.एन.एस. शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम
- महिला प्र.आर.हेमलता - पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम

# एक को उठेंगे देव, नवंबर में सिर्फ 7 विवाह मुहूर्त

**नवभारत न्यूज**

रतलाम। देवउठनी एकादशी एक नवंबर को मनाई जाएगी। यानी देवउठनी से मंगल कार्य शुरू हो जाएंगे। अगले दिन तुलसी विवाह होगा। कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को सुबह 9: 11 बजे शुरू होगी, जो 2 नवंबर सुबह 7:31 बजे तक रहेगी। ऐसे में देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से पापों का नाश होता है। इस बार नवंबर में शादियां 7 दिनों का रहेंगी। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास होने से विवाह नहीं होंगे। विवाह मुहूर्त 15 दिसंबर से 4 फरवरी तक भी नहीं होंगे।

**अगले माह 7 विवाह मुहूर्त तो दिसंबर में सिर्फ 4**



**विवाह में शुभ मुहूर्त का महत्व:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर क्षण में ग्रह और नक्षत्र अपनी स्थिति बदलते रहते हैं। ऐसे में उनका प्रभाव मानव जीवन पर सीधा पड़ता है। शुभ मुहूर्त वह समय होता है जब ग्रहों की स्थिति वर-वधू के पक्ष में होती है। इस अवधि में किया गया विवाह न केवल दांपत्य जीवन में सौभाग्य और स्थिरता लाता व देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**मांगलिक कार्यों के लिए यह रहेगी शुभ तिथि**

नवंबर माह में- 21, 22, 23, 24, 25,29 व 30 नवंबर तक 7 दिन विवाह होंगे।

दिसंबर-1,4,5,6 यानी चार दिन मुहूर्त रहेगा।

**मांगलिक कार्यों के लिए शुभ तिथि**

फरवरी 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11 12, 13, 14, 15,19,20,21,24,25,26 यानी फरवरी में 17 दिन तक विवाह के लिए विशेष मुहूर्त रहेंगे।

मार्च - 45 .6 .7 .8 9, 10, 11, 12, 13, 14 यानी 11 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे।

### सांवलिया सेठ मंदिर पर धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

**रतलाम।** भगवान सांवलिया सेठ के भक्तों के लिए अन्नकूट महोत्सव का विशेष महत्व है। इस अवसर पर, सांवलिया सेठ मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया और अन्नकूट प्रसाद ग्रहण की। सांवलिया सेठ मंदिर समिति दमामी समाज रतलाम की ओर से चमारिया नाका स्थित समाज के मंदिर श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। भगवान श्री सांवरिया सेठ की विशेष आरती के साथ 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। आरती पश्चात भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# दिनभर छाए रहे बादल, 31 के बाद मौसम होगा सामान्य

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में सर्दी की दस्तक के बीच मावठा बरसने से अचानक मौसम बहुत ज्यादा ठंडा हो गया है। इस कारण समय से पहले ही लोगों को गर्म कपड़े बाहर निकालना पड़े हैं। मौसम का बिगड़ा हुआ मिजाज जल्द बदलने वाला नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन बादल ऐसे ही बादल छाएंगे। शहर और जिले के कुछ हिस्सों में बारिश भी होगी। 31 अक्टूबर के बाद बादलों की एक्टिविटी कम होने लगेगी। मौसम के बदलते ही कड़ाके की ठंड गिरने का अनुमाल लगाया जा रहा हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी मोंथा चक्रवात और दक्षिणी - पश्चिम विक्षोभ के कारण मावठे की स्थिति बनी है। आलोट में 72, जावरा में 89, ताल में 50, पिपलौदा में 90, बाजना में 64, रतलाम में 78, रावटी में 39 और सैलाना में 82 मिमी बारिश हुई।

**चलने लगी ठंडी हवाए, गर्मी कपड़ें निकले बाहर**



# युवा उत्सव : 18 विधाओं में जिला स्तरीय प्रतिभागिता में कन्या महाविद्यालय अग्रण्य

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में बुधवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालय से प्रतिभागियों ने भाग लिया व संगीत व चित्रकला में प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि डॉ. मनोहर जैन एवं प्राचार्य श्रीमती मंगलेश्वरी जोशी ने दीप प्रज्जवलन किया। अतिथि का स्वागत डॉ. बी वर्षा, डॉ. अनामिका सारस्वत ने किया। युवा उत्सव उद्घटान सत्र में जिला युवा उत्सव की नोडल अधिकारी डॉ. बी वर्षा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथि रंगकर्मी व पूर्व प्राध्यापक डॉ. मनोहर जैन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 22 विधाओं में से 18 विधाओं में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करना इस कॉलेज की बड़ी उपलब्धि है। अन्य कहीं इतना उत्साह देखने को नहीं मिलता। अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने अपने उधबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि युवाओं को संस्कारवान, विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के महाविद्यालय के 68 प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनीता श्रीमाल, पूर्व प्राध्यापक डॉ. अनिल जैन, डॉ सुरेश चौहान, प्रो विनोद जैन, प्रो नारायण विश्वकर्मा, डॉ सरोज खरे, डॉ मीना सिसोदिया, डॉ संध्या सक्सेना, डॉ वी एस बामनिया, डॉ मणिक डांगे, प्रो एस पी गिरी, डॉ स्वर्णलता नागर, डॉ रोशनी रावत आदि मौजूद रहे।

**जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ**

# भाजपा कार्यकर्ता विचार के लिए कार्य कर रहे : जिला प्रभारी पाण्डेय

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय कामकाजी बैठक बुधवार को अतिथि गार्डन मे दीपावली मिलन समारोह के साथ आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने मुख्य वक्ता के रूप मे मार्गदर्शन दिया। जिला महामंत्री महेश सोनी एवं जयवंत कोठारी मंचासीन रहे। बैठक के दौरान हालही मे प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम मे रतलाम को प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान मिलने पर हर्ष जताया गया और आगामी कार्यक्रमों मे रतलाम को पहले स्थान पर लाने का संकल्प लिया गया।

मुख्य वक्ता जिला प्रभारी श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी अपेक्षित कार्य करना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता पद और पावर के लिए नही, अपितु विचार के लिए कार्य करते है, हमे विचार को और आगे लेकर जाना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मन की बात मे जिले को प्रदेश मे दूसरा स्थान मिला है। मेहनत यदि और की जायेगी तो जिला पहले स्थान पर भी आ जायेगा। संयोजक जिला महामंत्री महेश सोनी ने अब तक हुए आयोजनों की जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा आई.टी.सेल के जिला संयोजक नीलेश राव का मन की बात कार्यक्रम जिले की उपलब्धि पर सम्मान किया गया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

**मन की बात में प्रदेश स्तर पर रतलाम को दूसरा स्थान मिलना गर्व की बात :भाजपा जिलअध्यक्ष उपाध्याय**



### ननि का 1 से वार्ड वार बकाया वसूली शिविर

**रतलाम।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 1 नवम्बर से आयोजित किये गये है जो 29 नवम्बर 2025 तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर की बकाया राशि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किए हैं। शिविरों में बकायादार राशि जमा कर सकेंगे।

# मध्य प्रदेश स्थाना दिवस मनाने को लेकर समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शबरी सन्देश सामाजिक कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक को सम्बोधित करते हुए शैतान सिंह हाड़ा ने कहा कि समिति द्वारा 1 नवम्बर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा । साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जन सहयोग से नशा मुक्ति के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना तथा ठंड के मौसम को देखते हुए. जरूरतमंद बुजुर्गो व बच्चों के लिए ऊनी कपड़ों की व्यवस्था करने का विचार किया गया। इसके लिए जल्द ही एक टीम बनाकर घर-घर से गर्म वस्त्र एकत्रित किए जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करेंगे ।बैठक में शैतान सिंह हाड़ा, प्रकाश भाबर, बालचंद्र चरपोटा, कैलाश हारी, नाहरसिग मईडा, विक्रम भाबर, किशन भगोरा, राजु भगत, सीताराम, बालु महाराज, मांगू निनामा, रावजी रामसिंग, नारायण भाभर, दारु नाथू डांगी, रतन गरवाल, मेवाराम भगोरा, अनिल निनामा, भरत परमार उपस्थित थे।



**कार्यशाला** | जेपीएस में आयोजित करियर कार्यशाला में विद्यार्थियों को समझाएं कई क्षेत्र के बारें मे

# कैरियर योजना समुंद्रमंथन की तरह, यह यात्रा एक मंजिल नहीं: डॉ.पवन द्विवेदी



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्रों के लिए कैरियर परामर्श सत्र 21 वीं सदी के ट्रेंडिंग करियर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की दिशा में सही मार्गदर्शन प्रदान करना और उनके अंदर छिपी संभावनाओं को पहचानने में सहायता करना था। कार्यशाला में कई बिन्दुओं पर चर्चा की। कार्यशाला में कैरियर परामर्श में कई विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों के उत्तर पाएं, कई क्षेत्रों के महत्व को समझाते हुए करियर योजना एक समुंद्रमंथन की तरह बताया। विशेष अतिथि पारूल यूनिवर्सिटी बडौदा के डॉ.पवन द्विवेदी, मप्र-छतीसगढ रिजनल मैनेजर प्रवीन प्रभाकर व मार्केटिंग मैनेजर हितेष चौधरी का स्वागत सत्कार संस्था डायरेक्टर विनोद मूणत, प्राचार्य पियूष मूणत व किड्जी डायरेक्टर शोभित मूणत ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया। प्राचार्य पियूष मूणत ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों से छात्रों को जोडा और कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को यह समझने में मदद करेगी कि उनका भविष्य किन क्षेत्रों में अधिक उज्जवल हो सकता है।

**कैरियर करे प्लान, नई चीजों को खोजे**

डॉ पवन द्विवेदी ने मार्गदर्शन सत्र में छात्रों को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जीवन में आने वाली नकारात्मकता और कठिनाईयों को समझाया और कहा कि छात्र जीवन में अच्छा खाना जिससे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर हो, शरीर उर्जावान रहे। आसपास के लोग नेगेटिव बोलेंगे की आपसे यह सब ना हो पाएगा, तब तुम्हें वह जगह तुरंत छोड देनी चाहिए। अपने आपको सकारात्मक रखें। कैरियर की प्लानिंग योजना समुंद्रमंथन की तरह है। यह यात्रा एक मंजिल नहीं है। कैसे स्थिर रहकर अपने आप में कैरियर को प्लान करें, नई चीजों को खोजें। निर्णय लेने की दिशा में अपने अनुभवी शिक्षकों से परामर्श करें।



# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर विधायक के साथ कलेक्टर,एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुजापुर में संभावित दौरे की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्टर मिशासिंह और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने हेलिपैड एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया।

शुजापुर, अरनियापिथा मंडी प्रांगण तथा कॉलेज ग्राउंड का मोका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहाँ पूर्व सांसद एवं विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय के पिता स्वर्गीय डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय की प्रतिमा और वाटिका का लोकार्पण किया जाना है। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन कर किसानों से संवाद भी करेंगे। संभवत नवंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में सीएम के आने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम सुनील जायसवाल, तहसीलदार पारस वैश्य सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेश सोनी के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### दुर्घटना संभावित क्षेत्र में लगी जाली, हुई साफ-सफाई

जावरा । आखिरकार वीआईपी रोड पर खदान किनारे सुरक्षा की दृष्टि से जाली लग ही गई। साथ ही रोड के आसपास उग आई झाडियों की भी साफ-सफाई कर दी गई। वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद शिवेन्द्र माथुर द्वारा नपा की बैठकों में लगातार खदान किनारे सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाती रही। बता दें कि वार्ड अंतर्गत वीआईपी रोड के नाम से प्रसिद्ध इस मार्ग पर सुबह-शाम क्षेत्रवासी घूमने निकलते हैं। इसके अलावा प्रात: से लेकर देर रात तक इस रास्ते लोगों का आना-जाना लगा रहता है। सडक की एक ओर गहरी और लंबी खाई होने से हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता था। इस समस्या के निदान को लेकर पार्षद शिवेन्द्र माथुर काफी समय से प्रयासरत थे।

### अहिल्या माता गोशाला पर गोपाष्टमी कल, गो भक्त घरों से लेकर आएंगे लड्डू गोपाल

**इंदौर.** केशरबाग रोड़ स्थित प्राचीन अहिल्या माता गौशाला पर गुरुवार, 30 अक्टूबर को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे. इस अवसर पर गोशाला आने वाले गो भक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे. पिछले वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु अपने साथ घर के लड्डू गोपाल को लेकर गोशाला आएंगे और गो माता से मिलन एवं परिक्रमा का पुण्य लाभ उठाएंगे.

गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी पर आधुनिक मशीन से ओरा टेस्टिंग, गर्भ संस्कार, बच्चों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने की कार्यशाला तथा प्राचीन कांसा चिकित्सा पद्धाति द्वारा असाध्य रोगों के उपचार और गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर में गोमाता की जीवंत झांकी, तर्पण-अर्पण के लिए चमत्कारिक त्रिवेणी वृक्ष, श्रेष्ठ गुणवत्ता की जैविक खाद, जीव दया की सेवा के लिए पक्षी तीर्थ, गोमाता से जुड़े विशेष पर्वो पर पूजा एवं गोदान के लिए पूजन सामग्री एवं पंडित की निशुल्क व्यवस्था, आयुर्वेद चिकित्सकों के सानिध्य में गर्भधारण परामर्श एवं कार्यशाला सहित विभिन्न आयोजन भी होंगे.